श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016


क्रमांक: ला.ब.शा./नियमावली/2020-21/ 3238

दिनांक 16.03.2021 17

स्मरण पत्र

अति-आवश्यक

## कार्यालय आदेश

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुपालन में शैक्षणिक सत्र 2021-22 के लिए शैक्षणिक नियम परिचायिका तैयार की जानी है। इस सम्बन्ध में पत्र क्रमांक सं0: ला.ब.शा. /नियमावली/2020-21/3097 दिनांक 25.02.2021 के अनुसार संबंधित विभागों को सूचित किया गया था कि वे अपने-अपने संकाय/अनुभाग से सम्बद्ध नियमों की जाँच कर अपेक्षित संशोधन, परिमार्जन एवं नवीनीकरण, नियमानुसार सुनिश्चित कर वांछित सूचना अद्योहस्ताक्षरी को दिनांक 15 मार्च 2021 तक अनिवार्य रूप से प्रेषित करें परन्तु अभी तक किसी भी विभाग से कोई सूचना शैक्षणिक कार्यालय में प्राप्त नहीं हुई है, जिसके कारण शैक्षणिक नियम परिचायिका का प्रारूप तैयार करने में असुविधा हो रही है। कार्य की महत्ता एवं समयावधि को संज्ञान में लेते हुए संबंधित विभागों से पुन: अनुरोध है कि वह अपने-अपने विभाग से संबंधित वांछित सूचनाऐं पत्र जारी होने की तिथि से एक सप्ताह के भीतर सूचनाएं शैक्षणिक कार्यालय में प्रेषित करने का कष्ट करें। ताकि प्राप्त हुई सूचनाएं, शैक्षणिक नियम परिचायिका तैयार करने हेतु गठित समिति के समक्ष अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रस्तुत की जा सकें।वांछित सूचनाऐं प्राप्त न होने की स्थिति में संबधित विभाग उत्तरदायी होगा।

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

**प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित:-**

1. समस्त संकाय प्रमुख एवं विभागाध्यक्ष
2. निदेशक, आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन एवं कुलानुशासक
3. छात्रावास अधिष्ठाता
4. प्रभारी एन.सी.सी. अधिकारी
5. प्रभारी महिला अध्ययन केन्द्र
6. सम्पर्क अधिकारी (एस.टी./एस.सी. एवं ओ.बी.सी. प्रकोष्ठ)
7. समस्त सहायक कुलसचिव
8. सहायक अभियन्ता
9. सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष
10. सहायक प्रोग्रामर (संगणक केन्द्र)
11. अनुभाग अधिकारी (परीक्षा)
12. प्रभारी क्रीडा विभाग
13. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित कि वह उक्त सूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करेंगे।
14. कुलपति के निजी सचिव

15. कुलसचिव के निजी सचिव
16. सम्बन्धित पत्रावली
17. कार्यालय आदेश पत्रावली

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)